प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

12 अक्तूबर 2022

सेबी द्वारा ब्रिकवर्क रेटिंग्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीओआर का निरस्तीकरण

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने 6 अक्तूबर 2022 के आदेश WTM/ASB/MIRSD/MIRSD_CRADT/20175/2022-23 द्वारा ब्रिकवर्क रेटिंग्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (सीआरए) के रूप में दिए गए पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) को निरस्त कर दिया है। सीआरए को निर्देश दिया गया है कि वह उक्त आदेश की तारीख से छह महीने की अवधि के भीतर अपने परिचालन को बंद कर दें और उक्त आदेश की तारीख से कोई नया ग्राहक/ नया अधिदेश न लें।

2. उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, विनियमित संस्थाओं/ बाजार प्रतिभागियों को सूचित किया जाता है कि रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किसी भी दिशानिर्देशों से संबंधित आवश्यक रेटिंग/ क्रेडिट मूल्यांकन के संबंध में, तत्काल प्रभाव से उपर्युक्त रेटिंग एजेंसी से ऐसी कोई नई रेटिंग/ मूल्यांकन प्राप्त नहीं किया जाएगा। रेटिंग एजेंसी द्वारा जारी मौजूदा रेटिंग के विवेकपूर्ण व्यवहार के संबंध में अनुदेश अलग से सूचित किए जाएंगे।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1033